(ख) 31-3-1989 तक केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के चालू उद्यमों की संख्या 229 थी जिनमें से सरकारी क्षेत्र के 222 उद्यमों में 22.09 लाख नियमित कर्मचारी कार्यरत थे । वर्ष 1988-89 के दौरान सरकारी क्षेत्र के इन उद्यमों द्वारा उत्पादित सामान/प्रदत्त सेवाओं का मूल्य 86,850 करोड़ रुपये था । केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के जिन सात उद्यमों से वर्ष-1988-89 की जानकारी उपलब्ध नहीं हुई है, वे इस प्रकार हैं :—

1. आसाम अशोक होटल कारपोरेशन लि०
2. डोनडट्पोलो अशोक होटल कारपोरेशन लि०
3. मध्य प्रदेश अशोक होटल कारपोरेशन लि०
4. भारतीय राष्ट्रीय अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास वित्त निगम लि०
5. पांडिचेरी अशोक होटल कारपोरेशन लि०
6. रांची अशोक बिहार होटल कारपोरेशन लि०
7. उत्कल अशोक होटल कारपोरेशन लि०

(ग) अलग-अलग उद्यम में घाटे के कारण अलग-अलग हैं । बहरहाल घाटे के कुछ मुख्य कारण क्षमता का कम उपयोग, बाधित विद्युत आपूर्ति, बकाया ऋणों पर ब्याज की अधिक लागत, काम में आने वाली सामग्री की कीमतों में वृद्धि, मांग में कमोबेशी आना आदि है।

**Production of B and W T.V. Picture Tubes and Glass Bulbs by BEL Units at Bangalore and Taloja**

3104. DR. BAPU KALDATE: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) the number of Black and White T.V. picture tubes produced by Bangalore unit of BEL during 1989-90;

(b) the number of Black/White T.V. glass bulbs produced by Taloja Unit of BEL in 1989-90;

(c) the number of Black & White glass bulbs lifted by the Bangalore Unit from Table unit during 1989-1990;

(d) what is the number of bulbs imported during this period; and

(e) whether the entire production of Taloja Unit is consumed by the Bangalore unit of BEL?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE (DR. RAJA RAMANNA): (a) The Bangalore unit of Bharat Electronics produced 5,44,330 Black & White picture tubes in 1989-90.

(b) The Taloja unit of BE produced 3,88,732 glass bulbs for B & W T.V produce tubes in 1989-90.

(c) The Bangalore unit of BE lifted 2,28,000 glass bulbs from the Taloja unit during 1989-90.

(d) BE imported 2,70,531 blass bulbs of 14" size in 1989-90; and

(e) No, Sir.

**वनों के विकास के लिये आदिवासियों की सहायता**

**3105. श्री अजीत जोगी :**
**श्री छोटू भाई पटेल :**

क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार वनों के विकास और उनके सुधार के लिये तथा वनरोपण के लिए भी वनों के आसपास रहने वाले आदिवासियों की सहायता लेने का विचार रखती है ताकि इस दिशा में बेहतर प्रगति सुनिश्चित की जा सके ;

(ख) क्या सरकार वनों के संरक्षण में आदिवासियों को उपयुक्त भूमिका देने का विचार रखती है ; और

(ग) यदि उपर्युक्त भाग (क) और (ख) का उत्तर "ना" हो, तो उसके क्या कारण हैं ?

**पर्यावरण और वन मंत्री (श्री नीलमणि राउतराव)** : (क) केन्द्र सरकार ने एक स्कीम कार्यान्वित करने का सिद्धान्तरूप में निर्णय ले लिया है जिसके तहत निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए अवक्रमित वनों में फिर से वृक्ष लगाने के लिए